कार्यालय नियंत्रक प्राधिकारी
(महानिदेशक,गृह रक्षा, राजस्थान,जयपुर)
जलेब चौक,जयपुर।

ई–मेल : psa.hgcd.rj@nic.in फोन नम्बर 0141–2612593

Website: http:// home.rajasthan. gov.in/homeguards

क्रमांकः–प.37(1943)गृरमु / पीएसएएल / 2020 / 13773-76 दिनांकः– 07 DEC 2020

कार्यालय आदेश

मैसर्स एस.एस. रायधना सिक्यूरिटी सर्विसेज लाईसेन्स संख्या 659 / CD&HG HQ (S-Cell)/2013 दिनांक 07.05.2013 वैद्यता दिनांक 06.05.2023 (निजी सुरक्षा अभिकरण) का इस कार्यालय के पत्र क्रमांक 5410 दिनांक 22.04.2020 द्वारा प्राईवेट सुरक्षा अभिकरण (विनियमन) अधिनियम 2005 की धारा 16 के तहत वर्ष 2020–21 का वार्षिक निरीक्षण करवाने पर उक्त निजी सुरक्षा अभिकरण द्वारा पसारा अधिनियम 2005 की धारा 09, 10, 12 व 15 एवं राजस्थान प्राईवेट सुरक्षा एजेन्सी (विनियमन) नियम 2006 के नियम 15 व 17 की पालना नहीं करने व प्रावधानों का उल्लघंन करने के कारण उक्त लाईसेन्स को पसारा एक्ट 2005 की धारा 13(2) के तहत एक माह के लिये निलम्बित किया जाकर अनुज्ञाधारक श्री मंगल सिंह को इस कार्यालय के पत्र क्रमांक 9283–84 दिनांक 04.09.2020 के द्वारा कारण पृच्छा नोटिस जारी किया गया। अनुज्ञाधारक द्वारा नोटिस का जवाब दिनांक 10.09.2020 को इस कार्यालय में प्रस्तुत कर प्रावधानों की पालना हेतु एक माह का समय चाहे जाने पर इस कार्यालय के आदेश क्रमांक 12256–59 दिनांक 02.11.2020 द्वारा लाईसेन्स निलम्बन के प्रश्न के अवधारित होने तक बढाया जाकर अनुज्ञाधारक को प्रावधानों की पालना एक माह में कर पालना रिपोर्ट प्रस्तुत करने हेतु लिखा गया। अनुज्ञाधारक द्वारा अनुपालना रिपोर्ट दिनांक 28.10.2020 एवं दिनांक 20.11.2020 को इस कार्यालय में प्रस्तुत की गई। जिसका अवलोकन करने पर पाया गया कि उक्त अभिकरण द्वारा निरीक्षण के समय पाई गई अधिकतर अनियमितताओं को दूर कर दिया गया है व प्रस्तुत पालना रिपोर्ट के अनुसार वर्तमान में उक्त अभिकरण द्वारा प्राईवेट सुरक्षा अभिकरण (विनियमन) अधिनियम 2005 व राजस्थान प्राईवेट सिक्यूरिटी एजेन्सी (विनियमन) नियम 2006 के प्रावधानों / नियमों की पालना किये जाने पर उक्त अभिकरण के लाईसेन्स 659 / CD&HG HQ (S-Cell)/2013 दिनांक 07.05.2013 वैद्यता दिनांक 06.05.2023 (निजी सुरक्षा अभिकरण) को पुनः बहाल किया जाता है।

(यू.आर. साहू IPS)
नियंत्रक प्राधिकारी
(महानिदेशक, गृह रक्षा, राजस्थान)
जयपुर

प्रतिलिपिः–सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतुः–

1. श्री मंगल सिंह पुत्र स्व. सियान सिंह निवारी गांव–रायधना, थाना–जसवंतगढ जिला–नागौर, हाल निवासी प्लॉट नं–01, शिवपुरी कॉलोनी, थाना–झोटवाडा, जयपुर एवं कार्यालय पता 227, एफ–5, श्री मंगल टॉवर, जगन्नाथपुरी, झोटवाडा, जयपुर।
2. प्रभारी, कम्प्यूटर शाखा, कार्यालय हाजा को विभागीय वैबसाईट पर सूचना अपलोड करने बाबत।

(यू.आर. साहू IPS)
नियंत्रक प्राधिकारी
(महानिदेशक, गृह रक्षा, राजस्थान)
जयपुर